# दक्षिण अफ्रीका द्वारा शेरों का कैप्टिव ब्रीडिंग समाप्त

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में दक्षिण अफ्रीका ने **ट्रॉफी शिकार (विशेष जानवरों जैसे-हाथी, शेर, गैंडा, भालू इत्यादि का मनोरंजन के उद्देश्य से किया गया शिकार)** पर चिंताओं के कारण शेरों (पैंथेरा लियो) के **कैप्टिव ब्रीडिंग को समाप्त** करने का निर्णय लिया है और पारंपरिक **चीनी चिकित्सा पद्धति में शेर की हड्डियों का उपयोग** वन्यजीव संरक्षण में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

## शेरों के प्रमुख लक्षण क्या हैं?

- **उप-प्रजाति:** शेर को दो उप-प्रजातियों में विभाजित किया गया है: अफ्रीकी शेर (Panthera leo leo) और **एशियाई शेर** (Panthera leo persica)।
  - अफ्रीकी शेर अधिकांश अफ्रीकी महाद्वीप में फैले हुए थे, लेकिन अब केवल उप-सहारा अफ्रीका में भी पाए जाते हैं, जिनमें से **80% पूर्वी या दक्षिणी अफ्रीका** में पाए जाते हैं।
    - एशियाई शेर भारत के गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में पाए जाते हैं।
  - हालाँकि शेरों की दोनों उप-प्रजातियाँ लगभग समान दिखती हैं, फिर भी इनमें कुछ अंतर हैं।
    - अफ्रीकी शेरों की तुलना में नर एशियाई शेरों के अयाल विरल और छोटे होते हैं।
    - इसके अतिरिक्त, नर और मादा दोनों एशियाई शेर अफ्रीकी शेरों से छोटे होते हैं।




[//]

- **आवास:** वे रात में सबसे अधिक सक्रिय होते हैं तथा विभिन्न प्रकार के आवासों में रहते हैं लेकिन**घास के मैदान, सवाना, घने झाड़ियों** और **खुले वुडलैंड** को पसंद करते हैं।
- **सामाजिक संरचना:** शेर सबसे बड़ी सामाजिक बिल्ली प्रजाति हैं,जो **प्राइड (prides)** नामक समूहों में रहते हैं।
  - एक प्राइड में आमतौर पर कई संबंधित मादाएँ, उनके शावक और कुछ वयस्क नर शामिल होते हैं।
  - **शेरनियाँ प्राथमिक शिकारी होती हैं**, जबकि प्रमुख **शेर प्राइड के क्षेत्र की रक्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।**
- **शिकार और आहार:** शेर शीर्ष शिकारी होते हैं और मुख्य रूप से **वाइल्डबीस्ट, ज़ेबरा तथा मृग** जैसे बड़े खुरों वाले जानवरों का शिकार करते हैं।
  - वे आमतौर पर शिकार को पकड़ने के लिये अपनी चपलता और अपने समूह के सहयोग से शिकार करते हैं।
  - इसके अतिरिक्त **शेर अवसरवादी भक्षक होते हैं** और मौका मिलने पर शिकार करने से नहीं हिचकिचाते, अक्सर अन्य शिकारियों से शिकार चुरा लेते हैं।
- **खतरा:**
  - उन्हें निवास स्थान ककी हानि और विखंडन से लेकर जलवायु परिवर्तन एवं उपलब्ध शिकार में कमी जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ता है।
  - उन्हें **ट्रॉफी शिकारियों द्वारा भी निशाना** बनाया जाता है।
    - ट्रॉफी शिकार का एक रूप है जहाँ प्राथमिक आवश्यकता हेतु**जानवरों को उनके शरीर के अंगों, जैसे सींग, दाँत या खाल के लिये मारा जाता है,** जिन्हें बाद में ट्रॉफी या स्मृति चिन्ह के रूप में (और मुख्य रूप से भोजन के रूप में नहीं) रखा जाता है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN की रेड लिस्ट: लुप्तप्राय**
  - **CITES: परिशिष्ट I**
  - **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची I**




Distribution Map Panthera Leo

**नोट:**

- भारत में, [प्रोजेक्ट लॉयन](#) संरक्षण और पर्यावरण-विकास को एकीकृत करके गुजरात में एशियाई शेर के **परिदृश्य पारिस्थितिकी आधारित संरक्षण** की परिकल्पना करता है। भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात सरकार ने 40 वयस्क और उप-वयस्क शेरों को राज्य के **बरदा वन्यजीव अभयारण्य** में स्थानांतरित करने की योजना बनाई है।

दृष्टि The Vision

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाए जाते हैं।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न 2:** हाल ही में कुछ शेरों को गुजरात के उनके प्राकृतिक आवास से निम्नलिखित में से किस स्थल पर स्थानांतरित किये जाने का प्रस्ताव था? **(2017)**

(a) कॉर्बेट नेशनल पार्क
(b) कूनो पालपुर वन्यजीव अभयारण्य
(c) मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य

(d) सरस्किा राष्ट्रीय उद्यान

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/south-africa-to-end-captive-breeding-of-lions